भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 3051

गुरुवार, 11 जुलाई, 2019/20 आषाढ़, 1941 (शक)

भारतमाला परियोजना के अंतर्गत राजमार्ग परियोजनाएं

3051. डॉ. सुजय विखे पाटीलः

श्री ए. राजाः

श्री कौशलेन्द्र कुमारः

श्री मनोज कोटकः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत अब तक प्रस्तावित और पूरी हो चुकी राजमार्ग परियोजनाओं का लंबाई-वार और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त परियोजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार कितनी धनराशि आवंटित, जारी और उपयोग की गई है;

(ग) इस परियोजना के अंतर्गत राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार किन जिलों को राजमार्गों से जोड़ा जाएगा;

(घ) क्या इसके अंतर्गत कतिपय परियोजनाओं में, विशेषकर महाराष्ट्र में, कार्यान्वयन के कई चरणों पर विलम्ब हो जाता है/विलम्ब हुआ है यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और सरकार द्वारा इस संबंध में क्या उपचारात्मक कदम उठाए जा रहे हैं;

(ङ) क्या सरकार का भारतमाला परियोजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों में प्रमुख सड़क खंडों को राष्ट्रीय राजमार्ग के रूप में घोषित करने का विचार है और यदि हां, तो महाराष्ट्र सहित तत्संबंधी राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है; और

(च) भारतमाला परियोजना के अंतर्गत परियोजनाओं को पूरा करने के लिए राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार क्या समय-सीमा निर्धारित की गई है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) भारत सरकार ने 5,35,000.00 करोड़ रुपये के प्राक्कलित परिव्यय पर करीब 34,800 किमी की कुल लंबाई (एनएचडीपी खंडों की बची हुई 10,000 किमी लंबाई सहित) के आर्थिक कोरिडोरों, अंतर कोरिडोरों, फीडर मार्गों, राष्ट्रीय कोरिडोरों, सीमा सड़कों, अंतर्राष्ट्रीय संपर्कता सड़कों, तटीय सड़कों, पत्तन संपर्क सड़कों और एक्सप्रेसवे के विकास के लिए अक्तूबर, 2017 में भारतमाला परियोजना चरण -1 को मंजूरी प्रदान की थी। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत विभिन्न राज्यों के 550 जिलों को संपर्कता प्रदान करने की परिकल्पना की गयी है। भारतमाला परियोजना के अंतर्गत मार्च, 2019 तक 9,613 किमी की कुल लंबाई की कुल 225 नग परियोजनाएं (2,463 किमी की कुल लंबाई के शेष 53 नग एनएचडीपी संकर्मों सहित) मूल्यांकित और अनुमोदित की गयीं हैं, जिनकी कुल पूंजीगत लागत (भूमि अधिग्रहण और अन्य निर्माण पूर्व लागत सहित) 2,43,415 करोड़ रुपये है।

(घ) जी नहीं।

(ङ) विभिन्न राज्यों के सड़क खंडों की विस्तृत परियोजना रिपोर्टों / व्यवहार्यता अध्ययन के परिणामों और साथ ही साथ अपेक्षित निधियों की व्यवस्था के अध्यधीन नये राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में घोषणा की जाती है।

(च) भारतमाला परियोजना चरण - 1 की निर्धारित समापन समयावधि पॉच वर्ष है।

******